प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी रिफॉर्म को बताया– आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार : कहा– इससे विकसित बनेगा भारत।
2. शिक्षक दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में 81 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से किया गया सम्मानित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी शिक्षकों के लिये कैशलैस मेडिकल सुविधा की घोषणा की।
3. 6 और 7 सितम्बर को कराइ जायेगी दो पालियों में पीईटी परीक्षा : राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के 48 जनपदों में 14 सौ 79 केन्द्रों पर होगी परीक्षा। और
4. हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईद–ए–मिलादुन्नवी का पर्व : राज्यपाल आनंदी पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर– जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया। उन्होंने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं जैसी ज़रूरी वस्तुओं पर कर पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। श्री

**मोदी ने कहा कि दोनों कर स्लब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। बाइट....**

*अब जीएसटी और भी ज्यादा सिंपल हो गया है, सरल हो गया है। जीएसटी के मुख्यतः दो ही रेट रह गए 5ः और 18ः और 22 सितंबर सोमवार जब नवरात्र का पहला दिन है और यह सारी चीजों का मातृशक्ति को साथ संबंध तो बहुत ही रहता है और इसलिए नवरात्रि के इस प्रथम दिवस पर जीएसटी का जो एक रिफॉर्म वर्जन है। नई जेनरेशन रिफॉर्म किया हुआ वो लागू हो जाएगा।*

**श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में पंच रत्न को शामिल किया है। बाइट....**

*जीएसटी में हुई इस रिफार्म का अगर मैं सार बताऊं तो यही कह सकता हूं कि इससे भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं पहला टैक्स सिस्टम कही अधिक सिंपल हुआ, दूसरा भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी, तीसरा कंजम्पशन और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा। चौथा, इज ऑफ डूइंग बिजनेस से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा और पांचवां विकसित भारत के लिए कॉपरेटिव फेडरलिज्म यानि केन्द्रों और राज्यों की साझेदारी और मजबूत होगी ।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीएसटी परिषद द्वारा जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का फैसला आम आदमी को ध्यान में रखकर लिया गया है। इन सुधारों के बाद अब अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में केवल 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। हालांकि चालीस प्रतिशत का एक अन्य स्लैब तंबाकू और विलासिता संबंधी वस्तुओं पर लागू किया गया है। इन सुधारों से कई क्षेत्रों में कर**

की दरें कम हुई हैं और नागरिकों के लिए जीवन आसान हुआ है। बाइट....

*योगी अब जीएसटी में केवल दो प्रमुख स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रहेंगे। अधिकांश आवश्यक वस्तुएं 5 प्रतिशत स्लैब में रखी गई है। कम कीमतों से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। 22 सितम्बर से लागू होने वाले इन सुधारों में राज्यों के हितों को थोड़ा ध्यान रखा गया है। ये नया अध्याय किसानों, महिलाओं, युवाओं एम ए सेमी सेक्टर और छोटे व्यापारियों को एक नई शक्ति देगा। खाना, दवाईयां और शिक्षा सामग्री पर 0 से 5 प्रतिशत रखने से घरेलू खर्च में बचत होगी।*

————————

वस्तु और सेवाकर में केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में की गई कटौती से समाज के विभिन्न वर्गों को राहत मिली है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अमरोहा के विनीत अग्रवाल ने कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्णय न केवल नागरिकों के जीवन का सरल और सुगम बनायेगा, बल्कि उद्योग और व्यापार जगत को नवीन ऊर्जा देने के साथ स्वदेशी उत्पादों और उद्यमिता को भो बढ़ावा देगा। बाइट....

*22 सितम्बर नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी की दरे 28 पतिशत खत्म हो जायेगी। 12 प्रतिशत खत्म हो जायेगी व 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जायेगी और जो 99 प्रतिशत चीजें आज 5 प्रतिशत में आ जायेगी और जो प्रधानमंत्री जी ने दूसरी बात मेन कही लालकिले की प्राचीर से की स्वदेशी अपनाओं और भारत में उत्पादन स्वदेशी वस्तुएं चाहे खाने की, चाहे पहनने की, चाहे चूते हो, चप्पल हो उसको बढ़ावा दे तो स्वदेशी वस्तुएं भारत के निर्मित बहुत सभी होगी इससे हमारे लघु उद्योग कुटीर उद्योग को एक संजीवनी मिलेगी।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 81 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें बसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रधानाचार्यो को टैबलेट वितरित किये। उन्होंने बाल कथाओं के संग्रह और बाल वाटिका हस्त पुस्तिका का विमोचन और शैक्षिक नवाचारों के संकलन उद्‌गम के डिजिटल प्लेटफार्म की लाचिंग भी की। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी और बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के लाखों शिक्षकों को कैशलैस मेडिकल सुविधा देने की घोषणा की है। श्री योगी ने कहा, शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। इसके अलावा, सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के लिए एक कमेटी गठित करने की भी जानकारी दी। बाइट.....

*सरकार आपके साथ में है इस अवसर पर आज जब शिक्षक दिवस है तो स्वाभाविक रूप से आप सबके मन में भी होगा कि और क्या हो सकता है हम सब लोग एक चीज की आज घोषणा करना चाहते हैं और वह है कि सभी शिक्षकों को ये शिक्षक हमारे चाहे वह प्राथमिक के हो उच्च प्राथमिक के हो चाहे वह शासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के हो अशासकी*

*सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के हों या वित्त पोषित विद्यालयों के हों महाविद्यालय के हों इन सब को हम कैशलैस उपचार की व्यवस्था का लाभ देंगे।*

शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक समारोह में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शिक्षिका प्रोफेसर विभा शर्मा, मिर्जापुर की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी और भदोही स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रामलाल सिंह यादव को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रदेशभर में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वाराणसी में बीएचयू परिसर में इस अवसर पर 6 हजार से अधिक पौधे लगाये गये। शाहजहांपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में सप्त दिवसीय पूर्ण तिथि समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिए गए पंच प्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें सेना के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखने का भी एक संकल्प है।

——————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी 6 और 7 सितंबर को दो पालियों में कराई जायेगी। इसके लिये राजधानी लखनऊ सहित 48 जनपदों में एक हजार 4 सौ उन्यासी परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि लखनऊ में पीईटी परीक्षा 91 केन्द्रों पर होगी।

——————————

इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद–ए–मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर जुलूस–ए–मदहे सहाबा और जुलूस ए–मोहम्मदी निकाले जा रहे हैं। प्रशासन ने जुलूस में चल रहे अकीदत मंदों की सुरक्षा के लिये व्यापक प्रबंध किये हैं। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जुलूस ए मदहे सहाबा और जुलूस ए मोहम्मदी निकाले जा रहे हैं। प्रशासन ने जुलूस और उसमें चल रहे हैं अकीदतमंदो की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरा से भी नजर रखी जा रही है। इससे पहले कल पूरी रात सीरत उन नबी के जलसों और नात की मफ़िलों का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जगह–जगह पर रंग बिरंगी रोशनी से मस्जिद और जलसा स्थलों को सजाया गया था।*

*मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–ए–मिलादुन्नबी के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व समाज में शांति और सद्भाव बढ़ाने के लिये नई प्रेरणा देगा। राज्यपाल ने कहा कि मोहम्मद साहब की शिक्षाएं सामाजिक समरसता, एकता और न्याय के मूल्यों को सृदृढ़ करती है।**

———————

**यूपी टी 20 लीग का फाइनल मैच कल 6 सितंबर को काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स के बीच खेला जाएगा।**

———————

**भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे ने आज अपने परिवार के साथ अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन पूजन किया। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें मंदिर के वास्तुशिल्प और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी।**

**(समाप्त)**